आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 207 / 2026 अनवान ***दोलाराम व अन्य बनाम राज0 सरकार जरिये तहसीलदार लोहावट वगैरा***

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	
21.05.26	पत्रावली वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत मिसल तलबी एवं अपील विड्रो करने संबंधी प्रार्थना पत्रों के कम में तलब की जाकर तारीख पेशी पर ली गई। प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर रेस्पो0सं0 2 के अधिवक्ता के हस्ताक्षर किए हुए है। वकील अपीलांट एवं रेस्पो0सं0 2 के अधिवक्ता उपस्थित। अपीलार्थी सं0 1 से 2 एवं रेस्पो0सं0 3 स्वयं उपस्थित, इनकी पहचान इनके अधिवक्ताओं द्वारा की गई। वकील अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दौहराते हुए मुख्यतः यह आग्रह किया कि अपीलांट्स एवं रेस्पो0 के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। इसलिए अपीलांट्स इस अपील को आगे नही चलाना चाहते है तथा उक्त अपील को आज ही विड्रो करना चाहते है। अतः उक्त अपील जरिये विड्रो खारिज फरमावे। अतः वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलांट्स की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारीज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय को निर्णय की सत्यप्रति से सूचित किया जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया 21/5 (सुनिता चौधरी) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	